पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री से टाटा संस के चेयरमैन श्री एन0 चन्द्रशेखरन ने भेंट की

## राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, भविष्य की रणनीतियों तथा प्रदेश को देश–विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने के विषय में गहन विचार–विमर्श हुआ

## अयोध्या में प्रस्तावित 'टेम्पल आर्किटेक्चर म्यूज़ियम' परियोजना की प्रगति पर चर्चा, यह म्युजियम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगा, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा

## एयर इण्डिया की सम्भावित एम0आर0ओ0 सुविधा की स्थापना को लेकर वार्ता, इस सुविधा से प्रदेश में विमानन सेवा क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी और हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे

## टाटा संस राज्य में अपने निवेश को और भी विस्तार दें तथा विशेष रूप से लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेण्टर की स्थापना करें : मुख्यमंत्री

## टाटा संस के चेयरमैन ने उ0प्र0 सरकार के उद्योग–हितैषी नीतिगत फैसलों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के लिए तेजी से बनने वाली सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की

**लखनऊ : 21 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज यहां उनके सरकारी आवास पर टाटा संस के चेयरमैन श्री एन0 चन्द्रशेखरन ने भेंट की। भेंट के दौरान राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, भविष्य की रणनीतियों तथा प्रदेश को देश–विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने के विषय में गहन विचार–विमर्श हुआ।

इस अवसर पर अयोध्या में प्रस्तावित 'टेम्पल आर्किटेक्चर म्यूज़ियम' परियोजना की प्रगति पर विशेष रूप से चर्चा हुई। यह म्युजियम न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य करेगा, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट परियोजना पर विचार–विमर्श हुआ। यह परियोजना उत्तर प्रदेश के आर्थिक और वाणिज्यिक विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली है। इस दौरान एयर इण्डिया की सम्भावित एम0आर0ओ0 (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग) सुविधा की स्थापना को लेकर भी विस्तृत वार्ता हुई, जिससे प्रदेश में

विमानन सेवा क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी और हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री जी ने टाटा समूह की प्रदेश में व्यापक निवेश गतिविधियों की सराहना की और निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक माहौल, निरन्तर सुधार और सुगम प्रशासन सुनिश्चित करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। उन्होंने टाटा संस के चेयरमैन को राज्य में अपने समूह के निवेश को और विस्तार देने के लिए आमंत्रित करते हुए विशेष रूप से लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेण्टर की स्थापना की भी बात कही। इस कदम से प्रदेश में उच्च तकनीकी और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे युवाओं का कौशल विकास होगा और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

श्री एन0 चंद्रशेखरन ने उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग–हितैषी नीतिगत फैसलों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश के लिए तेजी से बनने वाली सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि टाटा समूह राज्य सरकार के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश की निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान को और सशक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से सहयोग करेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि टाटा संस की आगामी परियोजनाओं में प्रदेश की प्रमुख भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार और टाटा संस की इस साझेदारी से न केवल स्थानीय उद्योगों को बल मिलेगा, बल्कि व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन और सामाजिक–आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

——————

***PN-CM-Tata Sons Chairman Meeting-21 May, 2025***